

## जनसुनवाई : लोगों की कलेक्टर ने समस्या सुनकर अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 23 जून. लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार को नगर जिला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्र केपहुंचे 17 आवेदकों की स्वयं जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा समस्याएं सुनकर विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।**




जनसुनवाई के दौरान वर्षा वंजारी निवासी नांदनवाड़ी तहसील पांढुर्णा द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका पद पर चयन उपरांत पदभार दिलाए जाने एवं चयन प्रक्रिया पर लगाई गई.

निराधार आपत्ति के निराकरण, सरपंच एवं सदस्य ग्राम पंचायत पठारा जनपद पंचायत पांढुर्णा द्वारा ग्राम दिघोरी में पेयजल हेतु ट्यूबवेल खनन, कुन्ती लाडके निवासी ग्राम पंधराखेड़ी तहसील पांढुर्णा द्वारा पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने, तारा दर्याव निवासी दुधा तहसील-जिला पांढुर्णा द्वारा नक्शा बटांकन सुधार प्रकरण में तत्काल कार्रवाई, प्रभाकर पाटील निवासी ग्राम कुकड़ीखापा पांढुर्णा द्वारा कोटवारी पारिश्रमिक में प्राप्त भूमि का रास्ता दिलाए जाने, किरण सोनवाने निवासी ग्राम दाडीमेटा पांढुर्णा द्वारा पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार, साहेबलाल माटे निवासी गौरीढाना द्वारा कृषि भूमि तक आने-जाने के वैध मार्ग में उत्पन्न बाधा को हटाने तथा रिखधचन्द्र बामना द्वारा ग्राम गड़खापा, पटवारी हल्का नंबर 53, राजस्व निरीक्षक मंडल पांढुर्णा स्थित भूमि के राजस्व अभिलेख में दर्ज जाति को ब्राम्हण के रूप में सुधार किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए।कलेक्टर ने सभी प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## पौधारोपण कर मनाया विश्व योग दिवस

### वार्ड क्रमांक 12 के नागरिकों ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किया बेल का पौधा रोपित



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 23 जून.12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 12 के निवासियों द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।** वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे के सहयोग से नागरिकों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बेल के पौधे का रोपण कर अपने कर्तव्य का पालन किया।

**फलदार पौधे लगाने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भविष्य में इस परिसर में और अधिक फलदार पौधों का रोपण करने का संकल्प लिया। पंकज लोनारे ने योग एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को संबोधित किया।

**पौधे की सुरक्षा की ली जिम्मेदारी**

रोपित किए गए पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी आकाश पोस्ते एवं रमेश डोंगरे ने ली। इस अवसर पर पंकज लोणारे, कृष्णजी वानखड़े, मोरेश्वर केचे, सुरेश ठाकरे, दीपक कुरहाडे, सुधाकर पोस्ते, आकाश पोस्ते, दशरथ ठाकरे, रमेश डोंगरे, मदन चावके आदि उपस्थित थे।

## पूर्व प्रशिक्षार्थी शेख उजेर बने इंडियन आर्मी का हिस्सा

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 23 जून.शासकीय आई टी आई पीपलनारायणवार, जिला पांढुर्णा के पूर्व प्रशिक्षार्थी शेख उजैर ने अपने कौशल, मेहनत और लगन के बल पर सफलता की नई मिसाल कायम की है।**

उन्होंने वर्ष 2018-2020 में शासकीय आईटीआई पीपलनारायणवार से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया और आज इंडियन आर्मी में कार्यरत हैं। शेख उजैर बताते हैं कि उनकी यह उपलब्धि उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन, आईटीआई में मिले व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा परिवार के सहयोग का परिणाम है।वे बताते हैं कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने तकनीकी ज्ञान को मजबूत किया और संस्थान में मिले संसाधनों व अवसरों की मदद से उन्होंने अपनी क्षमताओं को निखारकर अनेक प्रायोगिक कार्य किए। आज वे अपने परिवार की मदद कर रहे हैं और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।शेख उजैर ने संस्था के समस्त शिक्षकों, स्टाफ एवं प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता की यात्रा में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान में वे इंडियन आर्मी में कार्यरत हैं तथा उनका वार्षिक पैकेज 3 से 5 लाख रुपये है।

## संदीपनी स्कूल के छात्रों के लिए बस सेवा शुरू कराने अभिभावकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,23 जून.तिगांव क्षेत्र के ग्रामों से नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल में पढ़ने आने वाले छात्रों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने के मांग को लेकर जागरूक अभिभावकों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा।**

नगरीय सीमा से लगे ग्राम तिगांव,मोही, मांडवी, सात भाई,मारूड,आदि क्षेत्र के ग्रामों के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल में पढ़ने जाते है,लेकिन इन छात्रों के आवागमन के लिए पर्याप्त बस सुविधा नहीं होने से इन छात्रों से स्कूल तथा घर आने-जाने में बहुत अधिक परेशानी होती है,जिससे जहां एक और इन छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रहीं है,वहीं इनकी सुरक्षा को लेकर अभिभावक हमेशा चिड्क्षतत रहते है।

जागरूक अभिभावकों द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे पत्र में निवेदन किया है कि इन उक्त सभी ग्रामों का केंद्र बिंदु तिगांव है, यदि ग्राम तिगांव को सेंटर रखकर विद्यालय तक नियमित बस सेवा संचालित जाए तो विद्यार्थियों को सुरक्षित तथा समयबद्ध एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकेंगी,जिससे छात्रों की शैक्षणिक प्रगति में सुरक्षात्मक सुधार होने के साथ ही अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नहीं होंगे।

इस आशय का पत्र सौपते समय निरज वानखेड़े,शेषराव पानबुड़े,सुभाष हुरड़े, राजाभाऊ चौधरी,प्रदीप चोपड़े,प्रविण शिंदे,प्रशांत क्षिरसागर,गेदराव वानखेडे,सुरेश वानोड़े,रविंद्र वानोड़े,संजय नवघरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत में आज लगेंगा शिविर

**पांढुरना,** विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर जिला मुख्यालय के जनपद पंचायत परिसर में 24 जून को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। विभागीय अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत आज 24 जून को शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये तक है, पंजीयन हेतु पात्र हैं। आयकरदाता एवं पीएफ/ ईएसआईसी से आच्छादित व्यक्ति योजना के लिए पात्र नहीं हैं। योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने वाले पात्र श्रमिकों को निर्धारित नियमों के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करना होगा।

## सांसद आज गायत्री शक्तिपीठ के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,23 जून.**गायत्री जयंती एवं पूज्य गुरुदेव महाप्रयाण दिवस,गंगा दशहरा पर आज 24 जून को जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते नगर के गायत्री शक्ति पीठ में विशेष हवन-पुजन के साथ ही सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएंगा।नगर के जलाराम वार्ड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते 24 जून को विशेष हवन-पुजन के साथ ही सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएंगा। गायत्री शक्तिपीठ के टस्ट्री योगिराज वानोड़े द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री जयंती एवं पूज्य गुरूदेव महाप्रयाण दिवस,गंगा दशहरा के अवसर पर 24 जून को जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,जिसके तहत प्रातः8 बजे मां गायत्री ,गुरुदेव एवं वंदनीय माताजी का पूजन, 9 बजे 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ,11 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा उद्बोधन पश्चात यज्ञ समाप्ती।दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ के बाजू में सामुदायिक भवन का सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते भूमिपूजन किया जाएगा,इस अवसर पर जिला भाजपा संगठन के अध्यक्ष संदीप मोहोड,नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,जलाराम वार्ड की पार्षद श्रीमती सुनिता यादवराव डोबले तथा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बंटी छागानी एवं गायत्री शक्तिपीठ के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## राहत : मानसून की पहली झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

### बारिश से चली ठंडी-ठंडी हवाओं से सभी को भीषण गर्मी से मिली राहत

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 23 जून.देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर ही सहीं मंगलवार के शाम से देर रात तक नगर सहित जिले के समस्त अंचलों के ग्रामों में रूक-रूक कर झमाझम बारिश होती रहीं,इस वर्ष की पहली बारिश को देख जहां एक और किसानों में खुशी दिखाई दे रहें है,वहीं इस बारिश से मौसम खुशनुमा तथा वातावरण में ठंडी हवाए चलने से आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।**

गौरतलब हो कि बीते दो माह से ग्रीष्म ऋतु की जारी असहनीय धूप,गर्म हवाओं के थपेड़ों से हर कोई परेशान था,वहीं वर्षा ऋतु के दो प्रमुख नक्षत्र बीतने के बाद भी बारिश नहीं होने से बुआई के लिए खेतों का तैयार करने के बाद बारिश के लिए किसान आसमान की और टकटकी लगाए बैठे थे,वहीं लंबी प्रतिक्षा के बाद ही सहीं मंगलवार को नगर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी ग्रामीण अंचलों के ग्रामों में इस वर्ष की पहली झमाझम बारिश से सभी को राहत दिलाई है।

इस बारिश से खेतों में नमी होते देख किसानों द्वारा बुधवार से ही अपने-अपने खेतों में बुआई करना शुरू कर देंगे,लगभग सभी किसानों ने एक पखवाडा पहले से ही बीज खरीद लिए थे,सभी सिर्फ झमाझम बारिश की ही राह देंख रहें थे,हांला कि सोमवार की शाम को भी बारिश हुई,लेकिन यह बारिश नाकाफी रहीं,जिससे किसी ने भी खेतों में बुआई नहीं की,लेकिन अब मंगलवार को हुई इस बारिश के बाद सभी किसानों ने बुधवार को खेतों में बुआई करने का निर्णय लिया,जिससे अचानक ही खेतीहर श्रमिकों की पुछपरख बढ़ गई है।

वहीं इस झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया,बारिश के बाद चली ठंडी-ठंडी हवाओं ने सभी को सुकून पहुचाया,वहीं इस बारिश से उन व्यापारियों के चेहरों पर रौनक दिखाई देंने लगी,जिन्होंने वर्षा ऋतु में बेचने के लिए सामग्री अपने दुकानों में सजाकर रखी थी,इन व्यापारियों को भी बुधवार से इनकी ग्राहकी में इजाफा होंने की उम्मीद है।

## सुश्री अनुसूइया उइके, दीपक सक्सेना एवं श्रीमती ज्योति डेहरिया की नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया हर्ष

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा सुश्री अनुसूइया उइके, दीपक सक्सेना एवं श्रीमती ज्योति डेहरिया को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीनों नेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यसमिति में दायित्व सौंपा जाना संगठन की कार्यपद्धति और कार्यकर्ताओं के प्रति उसके विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीनों नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपने अनुभव, संगठनात्मक कौशल और जनसेवा की भावना से पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## महेश नवमी : धार्मिक आयोजन और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न




**नवभारत न्यूज़**
**पिपला नारा.वार 23 जून. मंगलवार को नगर में माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।**

अवसर पर राधाकृष्ण मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का पंचायमृत से अभिषेक कर भगवान शिव का विधिवत पूजन अर्चन किया गया तथा फूल मालाओं से आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई। कार्यक्रम के साथ ही समाजसेवा की भावना को आगे बढाते हुये निशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रिधोरा अस्पताल में डॉ सोना नाग शिववेदी एवं उनके सहयोगी स्टॉफ ने सेवाये प्रदान की। शिविर में ग्रामीणों ने पहुचकर स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्ष एवं निशुल्क उपचार का लाभ उठाया। अवसर पर माहेश्वरी समाज के महिला, पुरूष, युवा एवं बच्चें शामिल हुये। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक एकता, सेवा भावना एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेष भी प्रसारित हुआ।

## कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ में ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**छिन्दवाड़ा.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ में ब्लॉक अध्यक्षों की नवनियुक्तियां की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है।कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू तेकाम एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की अनुशंसा उपरांत जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामनारायण परतेती के द्वारा प्रकोष्ठ में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा परिवार ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि




**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 23 जून.भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा परिवार ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।**

डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, इससे हमें कोई जुदा नहीं कर सकता जैसे गंभीर राष्ट्रीय विषयों पर संघर्ष किया और देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

***वरिष्ठ नेताओं ने किया नमन***

*कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मंडल महामंत्री नरेन्द्र कुकड़े, पार्षद रामकृष्ण राउत, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश बत्रा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष गोलू वाडेकर, युवराज बैण्डे, सुभाष नामदेव, पूर्व पार्षद दिगंबर वरुडकर, परसराम राणे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

## डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,23 जून. भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय राजनीति के युगपुरुष श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया।**

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, प्रशिक्षण महाअभियान के संभाग प्रभारी विजय झांझरी, जिला महामंत्री विजय पांडे, कार्यालय मंत्री भरत घई सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की उस सशक्त विचारधारा के प्रतीक थे, जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की एकता के लिए एक देश में दो विधान, दो




निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का उद्घोष किया और अपने इस संकल्प की पूर्ति के लिए निरंतर संघर्ष किया।श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह निर्णय केवल एक संवैधानिक परिवर्तन नहीं, बल्कि उन राष्ट्रवादी विचारों की विजय है, जिनके लिए डॉ. मुखर्जी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पूर्व मंत्री श्री मोहोड़ को प्रदेश भाजपा में मिली बड़ी जिम्मेदारी

### कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर, जिला अध्यक्ष ने दी बधाई



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 23 जून. भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। पांढुर्णा जिले के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ को भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की कार्यसमिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।**

**जिला अध्यक्ष ने जताया आभार**

भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति में पांढुर्णा जिले को यह प्रतिनिधित्व देने के लिए केंद्रीय एवं प्रदेश शीर्ष नेतृत्व का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया है। पांढुर्णा भाजपा परिवार एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भी दोनों नेताओं को शुभकामनाएं दी गई हैं। सभी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि दोनों नेताओं के मार्गदर्शन में पांढुर्णा में भारतीय जनता पार्टी विकास और संगठन के नए आयाम स्थापित करेगी।

**संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा**

इन दोनों वरिष्ठ नेताओं को प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण स्थान मिलने पर भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और समस्त निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इन नियुक्तियों से पांढुर्णा जिले में संगठन को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

## सद्भावना कौमी ऐकता के साथ मनाया जाएगा मोहर्रम का पर्व

**नव भारत न्यूज**
**बडचिचोली,23जून. ग्राम में सदियों से चली आ रही परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व सद्भावना कोमि ऐकता के साथ मनाया जायेगा ,प्रथम दिन 23 जून दिन मंगलवार को मोहर्रम पर्व की सातवीं तारीख मलिदा दिवस के रूप में मनाई जाएगी.**

अकीकतमँद लोक मलीदा नामक पदार्थ लेकर दरबार एवं ताजीयो के पास पहुंचकर पुजा अर्चना करेंगे तथा रात्रि में सवारियां निकलेगी इसी प्रकार 25 जून दिन गुरुवार को मोहर्रम माह की नौवी तारीख खिचड़ा दिवस के रूप में मनाई जाएगी , दिन ग्राम के लोग एक दूजे के घर पहुंच कर कच्चा अनाज खिचड़ा मांगेंगे अपने-अपने घरों में खिचड़ा नामक पदार्थ पकाकर ग्राम के स्थित बाबा के दरबार में पहुंचकर अलावा ताजी की पूजा करेंगे तथा ताजी रात्रि 8:00 बजे बाजार चौक में एकत्रित होंगे पश्चात सवारीया निकलेगी ताजे की पूजा करेंगे मुख्य मार्गो से होते हुए रास्ते में पढ़ने वाले दरबार अलावा की पूजा कर फरिद वाटिका में हजरत ख्वाजा शेख फरीद गंजे शकर की दरबार में पहुंचकर हाजिर पेश करेंगे तत पश्चात ताजिए अपने-अपने निर्धारित स्थान पर लौट जायेगे तथा दूसरे दिन शुक्रवार 26 जून को योमो आसुरा मोहरम की 10वीं तारीख ठंडे दिवस के रूप में मनाई जाएगी शाम 6:00 बजे ताजिया बाजार चौक में एकत्रित होंगे अकीकत मँद लोग पहुंचकर ताजीयो की पूजा करेंगे तथा रात्रि 9:00 बजे सवारियां निकलेगी जो जुलूस के शक्ल में ताजीयो का जुलूस निकलेगा मुख्य मार्ग से होते हुए फरीद वाटिका करबला गाह पहुंचेगी एवं ताजीयो का विसर्जन होगा ग्राम में मोहर्रम पर्व बड़े शानों शौकत के साथ परंपरा अनुसार हिंदू मुस्लिम भाई सद्भावना एकता के साथ मनाया जाता है. इस अवसर पर हजरत ख्वाजा शेख फरीद दरबार कमेटी द्वारा शरबत का वितरण किया जाएगा जो ग्राम की कौमी एकता भाईचारे का प्रतीक है ।



## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में हुई नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा.** शहर की मान्धाता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 46 में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी अनिल गजभिये एवं शहर अध्यक्ष श्रीमती राशिका बघेल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये संजना चौहान को वार्ड क्रमांक 46 का अध्यक्ष एवं वैशाली सौदे को सचिव मनोनीत किया गया है। आयोजित बैठक् में जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, कांग्रेस नेत्री श्रीमती साक्षी चौबे, श्रीमती साधना जंघेला, मीडिया प्रभारी पिंकी ढाकरिया, सविता कनोजिया, शारदा चौहान, अनिल सोमकुंवर, सुमित भावरकर, रीना सेवते सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।